# कार्यालय, अधीक्षक जिला जेल खरगोन (म.प्र.)

क्र./ 664 / जेस्था / 2026 खरगोन, दिनांक 06/05/2026

Email ID - jsdjkhg@mp.gov.in / Phone No. – 9479353446

**ई–टेण्डरिंग निविदा आमंत्रण सूचना**
**वार्षिक ठेका वर्ष 2026–27(तृतीय)**

जिला जेल खरगोन म.प्र. में परिरूद्ध बंदियों हेतू म.प्र. जेल पूर्ति नियम 1968 तथा म.प्र. भण्डार क्रय नियम 2015 (यथा संशोधित 2022) के तहत (1) खाद्यान्न, (2)सब्जियां एव फल, (3)स्वच्छता जल एवं विद्युत सामग्री, (4) दवाईयां, चिकित्सीय उपकरण एवं प्रायोगिक जांचे (5) स्टेशनरी एवं कम्प्यूटर सामग्री (6) भवन निर्माण सामग्री एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों की पूर्ति के लिए निविदा ई–टेंडरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

निविदा की जानकारी वेबसाईट– **www.mptenders.gov.in** पर प्राप्त की जा सकेगी। निविदा कार्यक्रम का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र. | विवरण | दिनांक व समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 01 | प्री–बिड मीटिंग | 11.05.2026 प्रातः 11:00 बजे | जेल अधीक्षक कार्यालय जिला जेल खरगोन |
| 02 | निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि, निविदा फार्म का मुल्य 05 लाख तक की निविदा हेतु **500/–रू** तथा 05 लाख से अधिक की निविदा हेतु **1000/–रू.**प्रति फार्म राशि ऑनलाईन महालेखाकार ग्वालियर म.प्र. शीर्ष 0056, जेले–800 अन्य प्राप्तियां में जमा की जावेगी।<br>**ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि।** | 26.05.2026 सायं 05:30 बजे तक | वेबसाईट– **www.mptenders.gov.in** पर प्राप्त की जा सकेगी |
| 03 | नमुने जमा करने की अंतिम तिथि | 26.05.2026 सायं 05:00 बजे तक | जेल अधीक्षक कार्यालय जिला जेल खरगोन |
| 04 | तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) एवं नमूनों की गुणवत्ता परीक्षण | 26.05.2026 प्रातः 05:30 बजे | जेल अधीक्षक कार्यालय जिला जेल खरगोन |
| 05 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | 28.05.2026 प्रातः 11:00 बजे | जेल अधीक्षक कार्यालय जिला जेल खरगोन |

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाईट पर – **(online system)** क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते है। निविदा एवं उससे संबंधित समस्त जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाईट पर देखे। निविदा के संबंध में किए जाने वाला कोई भी संशोधन संबंधित वेबसाइट पर किया जाएगा।

जेल अधीक्षक
जिला जेल खरगोन (म.प्र)

## -:: निविदा की शर्ते ::-

1. वित्तीय वर्ष 2026—27 के लिए खाद्यान्न सब्जियों दवाइयों स्वच्छता/विद्युत सामग्री एवं अन्य सामग्री के क्रय कार्यवाही मध्य प्रदेश जेल पूर्ति नियम 1968 एवं मध्य प्रदेश भंडार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित 2022) के अंतर्गत ई-टेंडरिंग के माध्यम से अर्थात ऑनलाइन की जाएगी ।
2. निविदा से संबंधित आवश्यक जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा शुल्क ठेके की लागत 05 लाख तक रु 500 एवं 05 लाख से अधिक रु 1000 प्रति निविदा फार्म ऑनलाइन लेखा शीर्ष 0056 जेलें 800 अन्य प्राप्तियां में करना होगा।

3. निविदाएं खंडवार पृथक-पृथक ऑनलाइन जमा की जाएंगी। निविदा में 3 प्रतिशत निविदा प्रतिभूति की राशि खंडानुसार www.mptenders.gov.in पर ऑनलाइन स्वीकार की जाएगी। 3 प्रतिशत निविदा प्रतिभूति (Earnest Money Deposit) की राशि का विवरण निम्नानुसार है ।

| क्रमांक | खण्ड का नाम | कुल लागत | 03 प्रतिशत प्रतिभूति की राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | खाद्यान्न | 80,00,000.00 | 2,40,000.00 |
| 02 | सब्जियाँ एवं फल | 18,50,000.00 | 55,500.00 |
| 03 | स्वच्छता, जल एवं विद्युत सामग्री | 20,00,000.00 | 60,000.00 |
| 04 | दवाई प्रायोगिक जांचे एवं उपकरण | 6,00,000.00 | 18,000.00 |
| 05 | विभागीय निर्माण कार्य एवं जल सामग्री | 25,00,000.00 | 75,000.00 |
| 06 | स्टेशनरी एवं कंप्यूटर सामग्री | 2,00,000.00 | 6,000.00 |

4. वार्षिक ई-निविदा में दर्शायी गई वस्तुओं के भाव अधिकतम 30/06/2027 अथवा अगले वर्ष का ठेका स्वीकृत होने तक जो भी प्रथम हो वैध रहेंगे ।

5. खाद्य वस्तुओं की गुणवत्ता औसत स्तर की होनी चाहिए। प्रत्येक निविदाकार को सामग्री की दरें ऑनलाइन प्रस्तुत करनी होंगी निविदा में जो दरें प्रस्तुत की जाएं वे समस्त करों सहित होनी चाहिए पृथक से कोई कर देय नहीं होगा।

6. उन्हीं निविदाकारों की निविदा स्वीकृत होगी, जो वस्तु एवं सेवा कर (GST) के अंतर्गत रजिस्टर्ड व्यापारी होंगे प्रत्येक निविदाकार को निविदा के साथ निविदा विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथि से पिछले तीन माह का जीएसटी रिटर्न अथवा पिछली तिमाही (Qurater) का जीएसटी रिटर्न प्रस्तुत करना होगा अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा ।

7. निविदाएं संबंधित जेल कार्यालय में उपस्थित निविदाकार या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों एवं क्रय समिति की उपस्थिति में निर्धारित तिथि को नियत समय पर खोली जाएगी। तिथि परिवर्तन की सूचना www.mptenders.gov.in पर अपलोड कर एवं जेल की सूचना पटल पर लिखित में चस्पा कर दी जाएगी और निविदाकारों का अनिवार्य रूप से सूचित किया जाएगा ।

8. प्रत्येक निविदाकार द्वारा निविदा के साथ आवश्यक रूप से कारागार अधिनियम 1894 की धारा 10 एवं जेल मुख्यालय मध्यप्रदेश भोपाल के परिपत्र क्रमांक05/वारंट-3/ भोपाल दिनांक 28.01.2015 के प्रावधान के अनुसार क्रमशः प्रपत्र (अ) एवं (ब) में पृथक- पृथक 200 -200 रूपये के नॉन-ज्युडिशियल स्टांप पर मूल प्रति में नोटरी

द्वारा प्रमाणित कर शपथ पत्र भी आवश्यक रूप से बनाए व इसको ई-टेण्डर पोर्टल पर अपलोड करें। **शपथ-पत्र** के अभाव में निविदा मान्य नहीं होगी।

**शपथ पत्र-अ**

(कारागार अधिनियम-1894 की धारा 10 के प्रावधान के अनुरूप)

मैं --------------------जो केंद्रीय/जिला/सब जेल ..........................के लिए सामग्री प्रदाय हेतु फर्म-------------------------------- की ओर से निविदा प्रस्तुत कर रहा हूं शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं कि निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म-------------के मालिक/भागीदार अथवा कोई निकट परिजन मध्य प्रदेश जेल विभाग में किसी भी स्थान पर किसी भी पद पर नियोजित नहीं है

हस्ताक्षर शपथकर्ता

**शपथ पत्र-ब**

(जेल मुख्यालय के परिपत्र क्रमांक 5/ वारंट-3 बंदी मृत्यु/2015 भोपाल दिनांक 28.01.2015)

मैं --------------------------------जो केंद्रीय जेल /जिला जेल /सब जेल ------------------के लिए सामग्री प्रदाय हेतु फर्म----------------------------------------- की ओर से निविदा प्रस्तुत कर रहा हूं शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं कि निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म------------------------- के मालिक / भागीदार किसी भी आपराधिक प्रकरण में जेल में जमानत पर रिहा नहीं है।

हस्ताक्षर शपथकर्ता

9. तहसील या मंडी या खाद्यान्न क्रय समिति की दरें निविदा खोलने की दिनांक के पूर्व प्राप्त न होने की स्थिति में क्रय समिति के विवेक पर एक सप्ताह में प्राप्त करने की शर्त पर निविदा खोलने की तिथि बढ़ाई जा सकेगी।

10. निविदा में निविदाकारों द्वारा निम्नानुसार स्वयं हस्ताक्षरित एवं फर्म की सील सहित दस्तावेज ऑनलाइन पोर्टल www.mptenders.gov.in पर अपलोड कराए जाएंगे। तकनीकी बीड खुलने के पश्चात ऑनलाइन अपलोड दस्तावेजों का क्रय समिति द्वारा परीक्षण कर हस्ताक्षर किए जाएंगे। अपठनीय अस्पष्ट एवं संदेहास्पद दस्तावेजों की मूलप्रति मंगाकर जेल अधीक्षक तस्दीक करेंगे। निविदाकार मूल प्रतियां प्रस्तुत न करने की दशा में उनकी 3 प्रतिशत निविदा प्रतिभूति की राशि (E.M.D)राजसात कर ली जाएगी। तकनीकी बीड में पात्र निविदाकारों के ही वित्तीय प्रस्ताव (Financial)खोले जाएंगे।

I. आधार कार्ड एवं पैन कार्ड।

II. मध्यप्रदेश दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1958 के अधीन पंजीकरण का वैद्य प्रमाण पत्र।

III. जीएसटी पंजीयन एवं निविदा विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथि से पिछले तीन माह का जीएटी रिटर्न अथवा पिछली तिमाही (Quarter)का जीएसटी रिटर्न।

IV. विगत 03 वर्षों का आयकर रिटर्न प्रमाण पत्र।

V. शपथ पत्र अ एवं ब

VI. अनाज एवं सब्जी विक्रय हेतु कृषि उपज मंडी समिति का वैध लाइसेंस ।

VII. खाद्‌य वस्तुओं/दवाईयों के लिए सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के अधीन वैध अनुविज्ञप्ति(लाइसेंस) ।

VIII. वस्तुओं के व्यापार संबंधी नगर निगम/नगर पालिका नगर/परिषद का वैध लाइसेंस। इन संस्थाओं द्‌वारा वैध लाइसेंस जारी न करने की दशा में उनका स्पष्ट पत्र।

IX. दवाइयों की निविदा हेतु वैध ड्रग लाइसेंस।

X. निविदा में उल्लेखित सामग्रियों के अपेक्षित नमूनों से संबंधित पत्र।

XI. वस्तुओं के ब्रांड से संबंधित पत्र ।

XII. निविदाकार फर्म का नाम किसी भी विभाग में काली सूची (blacklist)में नहीं होने का घोषणा पत्र।

11. निविदा के साथ संलग्न किए गए दस्तावेजों का उनके जारीकर्ता विभाग से सत्यापन कराया जा सकता है। सत्यापन के दौरान यदि दस्तावेज फर्जी अथवा गलत पाए जाते हैं तो संबंधित व्यापारी का ठेका निरस्त कर, उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

12. निविदा में उल्लेखित खाद्‌यान्न एवं अन्य सामग्री के अपेक्षित नमूने निविदाकार को नियत तिथि और निर्धारित समय तक प्रस्तुत करने होंगे। निविदाकार जिन सामग्रियों के लिए निविदा प्रस्तुत कर रहे हैं, उन सामग्रियों के ब्रांड तथा मेक का स्पष्ट उल्लेख करना आवश्यक है। नमुने प्राप्त न होने अथवा सामग्री के नाम के साथ ब्रांड के नामों का उल्लेख न होने पर निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। नमुने 500-500 ग्राम के पारदर्शी डब्बों में समान गुणवत्ता वाले दो- दो पैक में फर्म का नाम लिखकर नमुनों को पूर्णत: सील बंद कर स्वहस्ताक्षरित फर्म की सील लगाकर प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

13. नमूने का परीक्षण उपस्थित निविदाकारों या उनके प्रतिनिधियों तथा संबंधित जेल की क्रय समिति की उपस्थिति में किया जाएगा। जेल क्रय समिति द्‌वारा स्वीकृत नमूनों पर हस्ताक्षर कर, सीलबंद डिब्बे में रखे जाएंगे ! निविदाकारों द्‌वारा प्रदाय वस्तुए साफ सुथरी होंगी और नमूनों-से मिलाई जाएंगी, व्यापारियों द्‌वारा प्रदाय माल का मिलान नमूने के मुताबिक होने या ना होने की घोषणा जेल अधीक्षक द्‌वारा की जाएगी, जो मान्य होगी ।

14. निविदा में दर्शाई गई सामग्री की मात्रा अनुमानित है। आवश्यकता पड़ने पर सामग्री की मात्रा कम या अधिक की जा सकती है। सफल निविदाकर्ता को निर्धारित अवधि में सामग्री का प्रदाय कर स्वीकृत ट्रेडमार्क या नमूने के अनुरूप करना होगा। कोई भी सामग्री उपरोक्तानुसार न होने पर स्वीकार नहीं की जाएगी। अस्वीकृत माल ठेकेदार को अपने व्यय से तुरंत वापस ले जाकर नमूने अनुसार माल प्रदाय करना होगा। प्रदाय न करने पर खुले बाजार से माल क्रय किया जा कर शासन को हुए अधिक व्यय की वसूली संबंधित ठेकेदार से की जाएगी । यह वसूली भू-राजस्व के बकाया के रूप में या उसकी जमा निष्पादन प्रतिभूति(Performance Guarantee) राशि में से की जा सकेगी, साथ ही उसे भविष्य के लिए ब्लैक लिस्टेड करने हेतु कार्रवाई की जाएगी ।

15. सब्जियां साफ व ताजी प्रदाय करनी होगी, जो प्रातः 07:00 बजे से 09:00 बजे तक अनिवार्य रूप से जेल गेट तक पहुंचानी होगी। निर्धारित समय तक सब्जियां प्राप्त न होने पर बंदियों की भोजन व्यवस्था बनाए रखने के लिए खुले बाजार से क्रय की जाएगी, जिस पर शासन को हुए अधिक व्यय की वसूली ठेकेदार को देय किसी भी रकम से की जा सकेगी। ठेकेदार द्वारा विलंब से भेजी गई सब्जियां वापस कर दी जाएंगी जिसके लिए ठेकेदार स्वयं उत्तरदायी होंगे। जेल बगीचे से सब्जियां उपलब्ध न होने की दशा में ही ठेकेदार से क्रय की जाएंगी।

16. दवाइयां एवं चिकित्सकीय सामग्रियों की निविदा हेतु निविदाकार को वैध ड्रग लाइसेंस अपलोड करना आवश्यक है। जिन दवाओं में एक्सपायरी डेट निर्माता कंपनी द्वारा 1 वर्ष से अधिक की नियत की गई हो, ऐसी दवाइयों की प्रदायगी में सामान्यतः एक्सपायरी डेट कम से कम 1 वर्ष शेष होना आवश्यक है। दवाइयां एवं अन्य चिकित्सीय साभग्री ठेके में, एमआरपी से अधिकतम डिस्काउंट देने वाले निविदाकार की निविदा स्वीकृत की जाएगी। निविदिकारों को अस्पताल में भर्ती बंदियों तथा जेल में गंभीर रूप से बीमार बंदियों हेतु मांग किए जाने पर तत्काल दवाइयों की पूर्ति करनी होगी।

17. निविदा में उल्लेखित सभी वस्तुएं शासकीय/अर्द्धशासकीय/शासन द्वारा अधिकृत संस्थाओं द्वारा प्रदाय न करने की स्थिति में ही, स्वीकृत निविदाकारों से क्रय की जाएगी।

18. जिस निविदाकार की निविदा जेल क्रय समिति द्वारा स्वीकार करने की अनुशंसा की गई हो, उसे 10 दिवस के अंदर पंजीयन एवं स्टॉम्प (वाजिज्यिक कर ) विभाग मध्यप्रदेश के निर्धारित स्टांप शुल्क अनुसार नॉन जुडिशल स्टांप पर करारनामा भरना होगा, जिसकी प्रति संबंधित जेल के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है ।

19. सशर्त निविदा मान्य नहीं की जाएगी। ठेके की शर्तों के क्रियान्वयन के लिए सफल निविदाकर्ता, निविदा में लेख रकम के बराबर का शोध क्षमता प्रमाण-पत्र या उसके बदले में निविदा की रकम के 03 प्रतिशत तक निष्पादन प्रतिभूति(Performance Guarantee)डिमांड ड्राफ्ट/मियादी जमा रसीद/ बैंकर्स चेक/बैंक गारंटी/Irrevocable के रूप में देगा, बैंक गारंटी का सत्यापन संबंधित बैंक से कराया जाएगा। प्रतिपूर्ति की राशि जेल अधीक्षक के नाम से देय होगी । 03 प्रतिशत निष्पादन प्रतिभूति राशि निविदा स्वीकृत होने के 10 दिवस के अंदर जमा करनी होगी ।

20. निविदा महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं, मध्यप्रदेश के अनुमोदन उपरांत ही मान्य होगी। निविदा खुलने के बाद, यदि न्यूनतम दर वाली निविदाकर्ता (L1) निविदा वापस लेते हुए करारनामा भरने एवं निष्पादन प्रतिभूति(Performance Guarantee) जमा करने से इनकार करता है, तो उसका टेंडर निरस्त करते हुए उसके द्वारा जमा की गई 03 प्रतिशत निविदा प्रतिभूति (Earnest Money Deposit) की राशि जप्त तक कर ली जाएगी और संबंधित खंड/सामग्री की निविदा पुनः आमंत्रित की जाएगी ।

21. सफल निविदाकर्ता को समस्त पुर्तियां समझौते के अनुसार किस्तों में आवश्यकतानुसार दैनिक/ साप्ताहिक/पाक्षिक/ मासिक इण्डेन्ट के आधार पर संबंधित जेल के गेट पर करनी होगी। इसके लिए कोई अतिरिक्त भाडा देय नहीं होगा। इण्डेन्ट प्राप्त करने की जवाबदारी निविदाकार की होगी ।

22. प्रत्येक निविदाकार को पत्राचार करने के लिए अपने अधिकृत मोबाइल नंबर/ Whatsapp Number/Email ID देना अनिवार्य होगा। जिन निविदाकारों ने निविदा प्रस्तुत करते समय फर्म के प्रिंटेड लेटर पेड पर मोबाइल नंबर/ Whatsapp Number/Email ID में से कोई एक भी अंकित किया है तो उसे भी मान्य किया जाएगा। उक्त अधिकृत माध्यमों पर दी गई सूचना सभी प्रयोजनों के लिए मान्य होगी ।

23. देयकों का भुगतान संबंधित जेल द्वारा ई-पेमेंट के माध्यम से किया जाएगा। सामग्री के भुगतान के समय नियमानुसार जो भी कर काटने योग्य होगा, काटा जाएगा। विशेष परिस्थिति में भुगतान हेतु, डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक पर बैंक का कमीशन भी व्यापारी से काटा जाएगा। देयको के भुगतान में विलंब होने के कारण वस्तुओं का प्रदाय रोकने का अधिकार ठेकेदार को नहीं होगा ।

24. महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं, मध्यप्रदेश को संबंधित जेल की क्रय समिति द्वारा अस्थायी रूप से स्वीकार की गई निविदा की पुष्टि करने या अभिलिखित कारणों के आधार पर उसे अंशतः स्वीकृत या नामंजूर करने का अधिकार है ।

25. निविदा तथा करारनामें के अनुसार पूर्ति के संबंध में सभी विवाद संबंधित जेल के जिले में स्थित सक्षम न्यायालय के क्षेत्राधिकार में होंगे ।

जेल अधीक्षक
जिला जेल खरगोन(म.प्र.)

# राशन सामग्री खण्ड "अ"

| क्र | वस्तु का नाम | इकाई | दर |
|---|---|---|---|
| 1. | गेहूं | प्रति क्विंटल | |
| 2. | चावल | प्रति क्विंटल | |
| 3. | तुअर दाल | प्रति क्विंटल | |
| 4. | मुंग दाल छिलका | प्रति क्विंटल | |
| 5. | उड़ददाल छिलका | प्रति क्विंटल | |
| 6. | चना दाल | प्रति क्विंटल | |
| 7. | खडा मसूर | प्रति क्विंटल | |
| 8. | रिफाइण्ड सोया तेल (ब्राडेण्ड) | प्रति क्विंटल | |
| 9. | वनस्पति घी | प्रति क्विंटल | |
| 10. | शक्कर | प्रति क्विंटल | |
| 11. | गुड. | प्रति क्विंटल | |
| 12. | चाय पत्ती | प्रति क्विंटल | |
| 13. | दही | प्रति किलो | |
| 14. | पोहा | प्रति क्विंटल | |
| 15. | पीसी मिर्च | प्रति क्विंटल | |
| 16. | पिसी धनिया | प्रति क्विंटल | |
| 17. | पिसी हल्दी | प्रति क्विंटल | |
| 18. | इमली बीज रहित | प्रति क्विंटल | |
| 19. | टाटा नमक आयोडीन युक्त | प्रति क्विंटल | |
| 20. | गरम मसाला | प्रति क्विंटल | |
| 21. | देशी चना | प्रति क्विंटल | |
| 22. | मक्का | प्रति क्विंटल | |
| 23. | सेंधा नमक | प्रति किलो | |
| 24. | मुंगफली दाना | प्रति क्विंटल | |
| 25. | साबुदाना | प्रति क्विंटल | |
| 26. | नमकीन बूंदी | प्रति क्विंटल | |
| 27. | पिण्ड खजूर | प्रति क्विंटल | |
| 28. | पेक्ड ज्यूस | प्रति लीटर | |
| 29. | मिठी नुक्ति | प्रति क्विंटल | |
| 30. | जीरा | प्रति क्विंटल | |
| 31. | राईं | प्रति क्विंटल | |
| 32. | सौंफ | प्रति क्विंटल | |
| 33. | हींग | प्रति क्विंटल | |
| 34. | मैथी दाना | प्रति क्विंटल | |
| 35. | सोया वड़ी | प्रति क्विंटल | |
| 36. | ब्रेड | प्रति क्विंटल | |
| 37. | सेव | प्रति क्विंटल | |
| 38. | नमकीन मिक्चर | प्रति क्विंटल | |

जेल अधीक्षक
जिला जेल खरगोन(म.प्र.)

## सब्जी एवं फल सामग्री खण्ड "ब"

| क्र | वस्तु का नाम | इकाई | दर |
|---|---|---|---|
| 1. | आलू | प्रति क्विंटल | |
| 2. | टमाटर | प्रति क्विंटल | |
| 3. | बैंगन | प्रति क्विंटल | |
| 4. | प्याज | प्रति क्विंटल | |
| 5. | कद्दू | प्रति क्विंटल | |
| 6. | लौकी | प्रति क्विंटल | |
| 7. | भिण्डी | प्रति क्विंटल | |
| 8. | टिण्डा | प्रति क्विंटल | |
| 9. | फुल गोभी | प्रति क्विंटल | |
| 10. | पत्ता गोभी | प्रति क्विंटल | |
| 11. | चवला फल्ली | प्रति क्विंटल | |
| 12. | पालक भाजी | प्रति क्विंटल | |
| 13. | हरी मिर्च | प्रति क्विंटल | |
| 14. | हरा धनीया | प्रति क्विंटल | |
| 15. | ग्वार फल्ली | प्रति क्विंटल | |
| 16. | मटर फली | प्रति क्विंटल | |
| 17. | मूली (प्रति नग) | प्रति क्विंटल | |
| 18. | अरबी | प्रति क्विंटल | |
| 19. | गिलकी | प्रति क्विंटल | |
| 20. | केला | प्रति क्विंटल | |
| 21. | सेवफल | प्रति क्विंटल | |
| 22. | पपीता | प्रति क्विंटल | |
| 23. | गाजर | प्रति क्विंटल | |
| 24. | चुकंदर | प्रति क्विंटल | |
| 25. | ककड़ी | प्रति क्विंटल | |
| 26. | नींबु | प्रति क्विंटल | |
| 27. | चिकू | प्रति क्विंटल | |
| 28. | अदरक | प्रति क्विंटल | |
| 29. | लहसून | प्रति क्विंटल | |

जेल अधीक्षक
जिला जेल खरगोन(म.प्र.)

## स्वच्छता एवं इलेक्ट्रिक सामग्री खण्ड ''स''

| क्र. | सामग्री का नाम | इकाई | दर |
|---|---|---|---|
| (1) | सरसों का तेल | क्विंटल | |
| (2) | नारियल तेल | क्विंटल | |
| (3) | सींक झाडु | नग | |
| (4) | बांस झाडु | नग | |
| (5) | खजुर झाडु | नग | |
| (6) | वाशिंग पाउडर | क्विंटल | |
| (7) | नील | किलो | |
| (8) | फिनाइल | लीटर | |
| (9) | हारपीक 01 लीटर | लीटर | |
| (10) | लेट्रिन ब्रश | नग | |
| (11) | नहाने का साबुन (75 | क्विंटल | |
| (12) | कपड़े धोने का साबुन | क्विंटल | |
| (13) | बर्तन धोने का साबुन | क्विंटल | |
| (14) | स्टील वूल (बर्तन धोने | नग | |
| (15) | स्क्रबर (बर्तन धोने हेतु) | नग | |
| (16) | चुना | क्विंटल | |
| (17) | गेरू | क्विंटल | |
| (18) | टेराकोटा पेंट | लीटर | |
| (19) | डिस्टेंबर पेंट | क्विंटल | |
| (20) | ऑइल पेंट सिल्वर | लीटर | |
| (21) | ऑइल पेंट ब्लेक एण्ड | लीटर | |
| (22) | ऑइल पेंट रेड | लीटर | |
| (23) | ऑइल पेंट नेवी ब्लु | लीटर | |
| (24) | थीनर | लीटर | |
| (25) | कलर ब्रश 2'' | नग | |
| (26) | कलर ब्रश 4'' | नग | |
| (27) | कलर ब्रश 6'' | नग | |
| (28) | प्लास्टिक डिब्बे | नग | |
| (29) | तेजाब नमक | लीटर | |
| (30) | टंग क्लीनर | क्विंटल | |
| (31) | टुथ पेस्ट | | |
| (32) | टुथ ब्रश | नग | |
| (33) | शेविंग ब्लेड | नग | |
| (34) | उत्तरा | नग | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (35) | शेविंग क्रिम | किलो | |
| (36) | दाढ़ी बनाने का ब्रश | नग | |
| (37) | सेनेटरी पेड | पैकेट | |
| (38) | सुपड़ा | नग | |
| (39) | तगारी (प्लास्टिक) | नग | |
| (40) | तगारी (लोहा) | नग | |
| (41) | गेहुं छन्नी | नग | |
| (42) | आटा छन्नी | नग | |
| (43) | दाढी बनाने की कैंची | नग | |
| (44) | फिटकरी | किलो | |
| (45) | नेल कटर | नग | |
| (46) | ब्लीचिंग पाउडर | किलो | |
| (47) | हेयर ट्रिमर | नग | |
| (48) | मिट्टी के घड़े | नग | |
| (49) | मिट्टी के रांजन | नग | |
| (50) | ग्रीस | किलो | |
| (51) | स्वीच | नग | |
| (52) | सॉकेट | नग | |
| (53) | थ्री पिन प्लग 12 एम्पियर | नग | |
| (54) | थ्री पिन प्लग 16 एम्पियर | नग | |
| (55) | कॉपर वायर 2.5 एमएम | बंडल | |
| (56) | कॉपर वायर 1.5 एमएम | बंडल | |
| (57) | कॉपर वायर 1 एमएम | बंडल | |
| (58) | फेन बेटन | नग | |
| (59) | एलईडी ट्यूब 40 वॉट | नग | |
| (60) | टेप बंडल स्टील ग्रीप | नग | |
| (61) | 18 एम पंचम बॉक्स | नग | |
| (62) | 06 एम पंचम बॉक्स | नग | |
| (63) | 25 एमएम पीवीसी पाइप | फीट | |
| (64) | 25 एमएम बेण्ड | नग | |
| (65) | एस 10A स्वीच | | |
| (66) | एस 6A स्वीच | नग | |
| (67) | 4″ राउण्ड प्लेट | नग | |
| (68) | एस वी 18एम प्लेट | नग | |
| (69) | 6एम प्लेट मॉड्यूलर | नग | |
| (70) | MCB 32 एम्पियर | नग | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (71) | MCB 10 एम्पियर | नग | |
| (72) | 04 WAY MCB BOX | नग | |
| (73) | 04 WAY MCB BOX | नग | |
| (74) | एंगल होल्डर | नग | |
| (75) | LED बल्ब 09W | नग | |
| (76) | LED बल्ब 15W | नग | |
| (77) | LED बल्ब 23W | नग | |
| (78) | LED बल्ब 35W | नग | |
| (79) | LED बल्ब 65 | नग | |
| (80) | LED बल्ब 80W | नग | |
| (81) | LED बल्ब 85W | नग | |
| (82) | स्ट्रीट लाईट LED 50W | नग | |
| (83) | फिटिंग पाईप 0.5″ | फीट | |
| (84) | केसिंग पट्टी | फीट | |
| (85) | इलेक्ट्रिक बोर्ड 4X4 | नग | |
| (86) | इलेक्ट्रिक बोर्ड 4X8 | नग | |
| (87) | इलेक्ट्रिक बोर्ड 11X9 | नग | |
| (88) | कट आउट 16A | नग | |
| (89) | कट आउट 32A | नग | |
| (90) | कट आउट 64A | नग | |
| (91) | सीलिंग फेन | नग | |
| (92) | पंखे का कंडेन्सर | नग | |
| (93) | केबल वायर थ्री फेज | नग | |
| (94) | स्टार्टर 3 फेज | नग | |
| (95) | बिजली फिटिंग क्लिप | पैकेट | |

जेल अधीक्षक
जिला जेल खरगोन(म.प्र.)

## खण्ड "ड"
## भवन निर्माण एवं जल सामग्री

| क्र. | सामग्री का नाम | इकाई | दर |
|---|---|---|---|
| (1) | सीमेंट | प्रति बोरी | |
| (2) | व्हाईट सीमेंट | प्रति बोरी | |
| (3) | वॉल पुट्टी | प्रति बोरी | |
| (4) | ईंट | प्रति नग | |
| (5) | बालु रेत | घन मीटर | |
| (6) | काली रेत | घन मीटर | |
| (7) | गिट्टी | घन मीटर | |
| (8) | चुरी | घन मीटर | |
| (9) | मुरम | घन मीटर | |
| (10) | पेवर ब्लॉक्स | प्रति नग | |
| (11) | स्टील रेलिंग | प्रति किलो | |
| (12) | लोहा दरवाजा (7X4) | प्रति किलो | |
| (13) | लोहा खिड़की (4X3) | प्रति किलो | |
| (14) | लकड़ी दरवाजा (7X4) | प्रति किलो | |
| (15) | लकड़ी खिड़की (4X3) | प्रति किलो | |
| (16) | एल्युमिनियम सेक्शन कार्य | प्रति फीट | |
| (17) | लोहा सरिया 12 एमएम | प्रति क्विंटल | |
| (18) | लोहा सरिया 08 एमएम | प्रति क्विंटल | |
| (19) | लोहा सरिया 06 एमएम | प्रति क्विंटल | |
| (20) | लोहा तार | प्रति किलो | |
| (21) | लोहा कील | प्रति किलो | |
| (22) | लोहा एंगल | प्रति क्विंटल | |
| (23) | फेंसिंग वायर बंडल | प्रति बंडल | |
| (24) | प्रीकॉस्ट बाउंड्री वॉल | प्रति फीट | |
| (25) | लोहा टीन (टीन शेड हेतु) | प्रति किलो | |
| (26) | जे—हूक | प्रति नग | |
| (27) | बोल्ट | प्रति नग | |
| (28) | वायसर | प्रति नग | |
| (29) | वेल्डिंग रॉड पैकेट | प्रति पैकेट | |
| (30) | वाटर प्रुफिंग लिक्विड | प्रति लीटर | |
| (31) | कोटा स्टोन | प्रति फीट | |
| (32) | बैट्रीफाइट टाइल्स | प्रति फीट | |
| (33) | ग्लेज टाइल्स | प्रति फीट | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (34) | कम्प्युटर टेबल 04X03 | प्रति नग | |
| (35) | ऑफिस टेबल 04X03 | प्रति नग | |
| (36) | अस्पताल टेबल 04X03 | प्रति नग | |
| (37) | मरीज परीक्षण टेबल | प्रति नग | |
| (38) | लकड़ी स्टूल | प्रति नग | |
| (39) | स्टील स्टूल | प्रति नग | |
| (40) | फाइबर कुर्सी | प्रति नग | |
| (41) | ऑफिस चेयर | प्रति नग | |
| (42) | टेबल ग्लास | प्रति फीट | |
| (43) | टेबल क्लॉथ | प्रति फीट | |
| (44) | डोर मेट फाइबर | प्रति फीट | |
| (45) | लोहा तवा 06 एमएम | प्रति किलो | |
| (46) | लोहा जाली 06 एमएम | प्रति किलो | |
| (47) | लोहा मच्छर जाली | प्रति फीट | |
| (48) | लेहा मच्छर जाली ब्रेकेट | प्रति फीट | |
| (49) | गैस वाल्व | प्रति नग | |
| (50) | गैस पाइप आयरन | प्रति फीट | |
| (51) | गैस पाइप कॉपर | प्रति फीट | |
| (52) | गैस रेगुलेटर | प्रति नग | |
| (53) | गैस बर्नर कॉपर | प्रति नग | |
| (54) | वॉटर टेंट 500 ली. 06 लेयर | प्रति लीटर | |
| (55) | पाईप 2'' युपीवीसी | प्रति फीट | |
| (56) | पाईप 1.5'' युपीवीसी | प्रति फीट | |
| (57) | पाईप 1'' युपीवीसी | प्रति फीट | |
| (58) | पाईप 0.75'' युपीवीसी | प्रति फीट | |
| (59) | पाईप 0.50'' युपीवीसी | प्रति फीट | |
| (60) | कलेक्टर 2'' युपीवीसी | प्रति नग | |
| (61) | कलेक्टर 1.5'' युपीवीसी | प्रति नग | |
| (62) | कलेक्टर 1'' युपीवीसी | प्रति नग | |
| (63) | कलेक्टर 0.75'' युपीवीसी | प्रति नग | |
| (64) | कलेक्टर 0.50'' युपीवीसी | प्रति नग | |
| (65) | एल्बो 2'' युपीवीसी | प्रति नग | |
| (66) | एल्बो 1.5'' युपीवीसी | प्रति नग | |
| (67) | एल्बो 1'' युपीवीसी | प्रति नग | |
| (68) | एल्बो 0.75'' युपीवीसी | प्रति नग | |
| (69) | एल्बो 0.50'' युपीवीसी | प्रति नग | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (70) | टी 2'' युपीवीसी | प्रति नग | |
| (71) | टी 1.5'' युपीवीसी | प्रति नग | |
| (72) | टी 1'' युपीवीसी | प्रति नग | |
| (73) | टी 0.75'' युपीवीसी | प्रति नग | |
| (74) | वाल्व 2'' युपीवीसी | प्रति नग | |
| (75) | वाल्व 1.5'' युपीवीसी | प्रति नग | |
| (76) | वाल्व 1'' युपीवीसी | प्रति नग | |
| (77) | वाल्व 0.75'' युपीवीसी | प्रति नग | |
| (78) | वाल्व 0.50'' युपीवीसी | प्रति नग | |
| (79) | टॉयलेट शीट | प्रति नग | |
| (80) | वॉश बेसिन | प्रति नग | |
| (81) | युरिन पॉट | प्रति नग | |
| (82) | आरी के पत्ते | प्रति नग | |

जेल अधीक्षक
जिला जेल खरगोन(म.प्र.)

# खण्ड
## स्टेशनरी एवं कम्प्युटर सामग्री

| क्र. | सामग्री का नाम | इकाई | |
|---|---|---|---|
| (1) | फाईल पेड मोटा 34x24 | प्रति नग | |
| (2) | लिफाफा 11X5 | प्रति नग | |
| (3) | लिफाफा 09x4 | प्रति नग | |
| (4) | फाईल कवर (Brown) | प्रति नग | |
| (5) | नोट बूक | प्रति नग | |
| (6) | कम्प्युटर टोनर पाउडर | प्रति नग | |
| (7) | एण्टी वायरस 1 साल (ब्राण्डेड) | प्रति नग | |
| (8) | पेड ड्राइव 64 जी.बी. | प्रति नग | |
| (9) | लेश ग्रीन बड़ा साईज | प्रति पैकेट | |
| (10) | गोंद बोटल 700 ml | प्रति नग | |
| (11) | स्टेप्लर 24 नं. कंगारू | प्रति नग | |
| (12) | स्टेप्लर 10 नं. कंगारू | प्रति नग | |
| (13) | हाईलाईटर पेन | प्रति नग | |
| (14) | केश बूक 200 पेज | प्रति नग | |
| (15) | टेग व्हाइट | प्रति पैकेट | |
| (16) | फोटोकॉपी पेपर ।4 साईज (ब्राण्डेड) | प्रति पैकेट | |
| (17) | व्हाईटनर | प्रति नग | |
| (18) | स्टेप्लर पिन 24 नं. कंगारू | प्रति पैकेट | |
| (19) | स्टेप्लर पिन 10 नं. कंगारू | प्रति पैकेट | |
| (20) | सेलो टेप ब्राउन 3'' | प्रति नग | |
| (21) | ब्राण्डेड पेन | प्रति पैकेट | |
| (22) | ब्राण्डेड पेन रिफिल | प्रति पैकेट | |
| (23) | स्टेम्प पैड | प्रति नग | |
| (24) | स्टेम्प पैड इंक | प्रति नग | |
| (25) | फोटोकॉपी टोनर एण्ड काट्रेज क्योसेरा | प्रति नग | |
| (26) | फोटोकॉपी टोनर एण्ड काट्रेज SHARP BP-20M22 | प्रति नग | |
| (27) | ब्रदर टोनर HL&B2000D | प्रति नग | |
| (28) | USB की–बोर्ड | प्रति नग | |
| (29) | USB माउस | प्रति नग | |
| (30) | वायरलेस की–बोर्ड | प्रति नग | |
| (31) | वायरलेस माउस | प्रति नग | |
| (32) | माउस पेड | प्रति नग | |

Signature Not Verified
Digitally signed by Hemant Manware
Date: 2026.05.07 13:38:39 IST
Location: Madhya Pradesh-MP

जेल अधीक्षक
जिला जेल खरगोन (म.प्र.)